न्यायालय भू-प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी, कोटा

आज्ञा-पत्र

उनवान .... संजू .... बनाम .... रोशन बाई

किस्म मुकदमा .... रेस्टोरेशन प्रार्थना .... अपील संख्या 2025/184

अभिभाषक अपीलान्ट श्री तृप्ति गौड़ .... अभिभाषक रेस्पोडेन्ट ....

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील मे जारी हुए
6.10.25	पत्रावली पेश हुई। रेस्पोडेंट क्रम 1 व 2 की ओर से श्री भानु प्रताप सिंह एड० द्वारा तथा रेस्पोडेंट क्रम-4 की ओर से श्री अनुराग गुप्ता, एड० द्वारा वकालतनामा पेश किया गया, जो शामिल फाइल हो। अभिभाषक अपीलांट की ओर से अपीलांट की उपस्थिति में एक प्रार्थना पत्र बाबत राजीनामा हो जाने से उक्त अपील को एजविड्रोन खारिज किये जाने हेतु पेश किया गया। इस हेतु अपीलांट द्वारा न्यायालय हाजा में उपस्थित होकर आदेशिका पर अपना अंगूठा निशानी भी की गयी है, जिसे अभिभाषक अपीलांट द्वारा प्रमाणित भी किया गया है। अतः अभिभाषक अपीलांट एवं अपीलांट द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र बाबत अपील को एजविड्रोन खारिज किये जाने को स्वीकार किया जाकर यह रेस्टोरेशन प्रार्थना पत्र इसी स्तर पर ~~मय~~ एजविड्रोन खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तामील तकमील दाखिल दफ्तर हो। (दीप्ति ~~रामचन्द्र~~ मीना) भू-प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी, कोटा	अ. नि. संजू I D BY (हस्ताक्षर) अभिभाषक [तृप्ति गौड़ (व अभिभाषक)] (मुहर: भू-प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी ★ कोटा ★)

न्यायालय भू–प्रबन्ध अधिकारी एवम पदेन राजस्व अपील प्राधिकारी, कोटा

प्रार्थना–पत्र क्रमांक– /2025

सन्जू पत्नि स्वर्गीय भंवरलाल जी जाति माली जाति माली
निवासी ग्राम रायथल तहसील मांगरोल जिला बांरा राज0

–अपीलाण्ट

–बनाम–

1–रोशन बाई पुत्री श्री गोमदा पत्नि महावीर जाति माली
निवासी ग्राम रायथल तहसील मांगरोल हाल मुकाम बडा तहसील बांरा
जिला बांरा राज0

2–नाथूलाल पुत्र गोमदा जी जाति माली निवासी आजादपुरा की झौपडिया
रायथल तहसील मांगरोल जिला बांरा राज0

3–हजारीलाल पुत्र गोमदा जाति माली निवासी आजादपुरा की झौपडिया
रायथल तहसील मांगरोल जिला बांरा राज0

4–दिनेश सुमन पुत्र श्री नाथूलाल जी सुमन जाति माली
निवासी आजादपुरा की झौपडिया रायथल तहसील मांगरोल जिला बांरा

5–चेतना पुत्री हजारीलाल सुमन जाति माली
निवासी आजादपुरा की झौपडिया रायथल तहसील मांगरोल जिला बांरा

6–राजस्थान सरकार जरये तहसीलदार महोदय मांगरोल जिला बांरा राज0

–रेस्पोडेन्टस

नि : अ. सन्जू

क्रमशः–––2

अपील बनाराजी निर्णय न्यायालय उप जिला कलेक्टर

महोदय मांगरोल जिला बांरा दिनांक-21-10-2020

अन्तर्गत धारा-223 राजस्थान टीनेन्सी एक्ट-1955

प्रार्थना-पत्र अन्तर्गत आदेश-41 नियम-19 सीपीसी व

धारा-151 जाब्ता दीवानी

बाबत रेस्टोरेशन किये जाने अपील

मान्यवर,

प्रार्थिया अपीलाण्ट निम्न निवेदन करती है-

1- यह कि उपरोक्त उनवान की अपील सम्माननीय न्यायालय में विचाराधीन थी, उक्त अपील को सम्माननीय न्यायालय द्वारा प्रार्थिया अपीलाण्ट की एवम उसके अधिवक्ता महोदय की अनुपस्थित दर्ज कर अदम हाजरी व अदम पैरवी में दिनांक-26-09-2023 को खारिज फरमा दिया गया है।

2- यह कि प्रार्थिया अपीलाण्ट द्वारा उक्त अपील में पैरवी हेतु पूर्व में अधिवक्ता श्री भगवान दास जी को नियुक्त किया था, प्रार्थिया अपीलाण्ट एक विधवा महिला है, जिसे ग्राम रायथल तहसील मांगरोल जिला बांरा से बार-बार तारीख पेशी पर सम्माननीय न्यायालय में उपस्थित होने में काफी परेशानी का सामना करना पडता था, इस कारण से प्रार्थिया अपीलाण्ट के अधिवक्ता महोदय श्री भगवान दास जी ने प्रार्थिया अपीलाण्ट को आश्वस्त कर रखा था कि प्रार्थिया अपीलाण्ट की प्रत्येक पेशी पर सम्माननीय न्यायालय में उपस्थित होने की आवश्यकता नही है, जब भी प्रार्थिया अपीलाण्ट की आवश्यकता होगी, प्रार्थिया अपीलाण्ट को सूचित कर दिया जाएगा, इस कारण से प्रार्थिया अपीलाण्ट अपने उक्त अधिवक्ता महोदय के भरोसे रही तथा प्रार्थिया अपीलाण्ट के अधिवक्ता महोदय द्वारा पेशी दिनांक-26-09-2023 को प्रार्थिया अपीलाण्ट को सूचित किये बिना ही तथा बिना उसकी स्वीकृति के अवैध एवम गैरकानूनी रूप से सम्माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी पर उपस्थित नही हुऐ, इस कारण से सम्माननीय न्यायालय द्वारा उक्त अपील में प्रार्थिया अपीलाण्ट एवम

क्रमशः---3

नि: अ. सब्ब